# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–08 अक्टूबर 2023 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- भारतीय वायु सेना के इक्यानबे–वें स्थापना दिवस पर आज प्रयागराज में होगा भव्य एयर शो का आयोजन। संगम के ऊपर आसमान में सौ से अधिक लड़ाकू विमान करेंगे हैरतअंगेज प्रदर्शन।
- हवाई प्रदर्शन में मिग–इक्कीस लड़ाकू विमानों को दी जाएगी औपचारिक विदाई। भारतीय वायु सेना के नये ध्वज का होगा अनावरण।
- एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार सौ से अधिक पदक जीतकर रचा इतिहास। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खिलाड़ियों को दी बधाई। इस उपलब्धि को रोमांचकारी, ऐतिहासिक और असाधारण क्षण बताया।

**और**

- मेरी माटी–मेरा देश अभियान के तहत ग्रामीण अंचलों से पवित्र मिट्टी और अक्षत से भरे अमृत कलश ब्लॉक मुख्यालयों में पहुंचाने का क्रम जारी।

**********

भारतीय वायु सेना अपनी इक्यानबे–वीं वर्षगांठ के अवसर पर आज प्रयागराज में भव्य एयर शो का आयोजन करेगी। यह एयर शो संगम क्षेत्र में होगा। साथ ही, बमरौली एयरफोर्स स्टेशन में औपचारिक परेड का आयोजन किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि भारतीय वायु सेना इस अवसर पर अपने नये ध्वज का अनावरण करेगी। वायु सेना स्टेशन बमरौली में औपचारिक परेड के दौरान वायु सेना के लड़ाके विभिन्न करतब दिखाते हुए आगे बढ़ेंगे, जबकि पैरा जंपर्स आसमान से छलांग लगाकर लोगों को रोमांच और उत्साह से भर देंगे। परेड में पहली बार महिला अग्निवीरों की बटालियन भी हिस्सा लेगी। इस हवाई प्रदर्शन में राफेल लड़ाकू विमानों सहित सौ से अधिक लड़ाकू, हेलीकॉप्टर और परिवहन विमान भारतीय वायु सेना की शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। हवाई प्रदर्शन में मिग–इक्कीस को औपचारिक विदाई दी जाएगी और हाल ही में वायु सेना में शामिल किया गया **सी–दो सौ पन्चानबे** परिवहन विमान संगम के ऊपर उड़ान भरकर अपनी यात्रा की शुरुआत करेगा।

भारतीय वायुसेना का हेलीकॉप्टर हवाई प्रदर्शन दल सारंग पहली बार पांच विमानों से हवाई करतबों को अंजाम देगा। सूर्य किरण एरोबैटिक टीम, विक्ट्री और डायमंड फॉर्मेशन में अपना प्रदर्शन करेगी। इसके अलावा भारतीय वायुसेना की आकाश गंगा स्काई डिस्प्ले टीम भी अपने करतबों से लोगों को रोमांचित करेगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल उपस्थित रहेंगी। राज्य के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, मध्य वायु कमान के जनरल कमांडिंग ऑफिसर एयर मार्शल आरजीके कपूर और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी भव्य एयर शो में मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन ने शहर में यातायात व्यवस्था और कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। अधिकारियों ने कहा कि हवाई प्रदर्शन सभी दिशाओं में होगा इसलिए इसे संगम के सभी तरफ, अरैल घाट, झूंसी की ओर, शास्त्री पुल और आसपास के क्षेत्रों से देखा जा सकता है।

हवाई प्रदर्शन के दौरान संगम के पास लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। संगम क्षेत्र और उसके आसपास पांच लाख से अधिक लोग इस अद्‌भुत एयर शो के साक्षी बनेंगे।

**********

ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत पिछले तीन माह में पुलिस द्वारा अपराधियों को सजा दिलाने में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को कल लखनऊ स्थित पुलिस महानिदेशक कार्यालय में सम्मानित किया गया। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि तीन माह में सात हजार 665 प्रकरण में 10 हजार से अधिक अपराधियों को सजा दिलाई गई। उन्होंने बताया कि अपराधियों को मृत्युदंड से लेकर आजीवन कारावास की सजा के मामलों में पुलिस द्वारा विवेचना और पैरोकारी की गई। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आगे भी अपराधियों को सजा दिलाने के लिए पुलिस काम करती रहेगी।

**********

प्रदेश में नगरीय परिवहन की बसों में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए कॉमन मोबिलिटी कार्ड 'वन यूपी–वन कार्ड' तैयार किया गया है। लखनऊ में कल नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने इस कार्ड का अनावरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले चरण में लखनऊ में इस कार्ड की शुरुआत की जा रही है। इसके बाद कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी सहित नगरीय परिवहन बस सेवाओं वाले शहरों में इसे लागू किया जायेगा। श्री शर्मा ने बताया कि ये कार्ड प्री–पेड होगा और यात्रियों को टिकट लेने की जरूरत नहीं होगी। डिजिटल कार्ड से टिकट खरीदने पर यात्रियों को दस प्रतिशत की छूट दी जायेगी। कार्ड के लिये कोई शुल्क नहीं लिया जायेगा।

**********

प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पारित होने से महिलायें और अधिक सशक्त हुईं हैं। अम्बेडकरनगर में कल 'नारी तू नारायणी' कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज महिलाएं राजनीति के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र सरकार ने मातृ शक्ति को सम्मान और सशक्त बनाने के लिए देश की संसद में नारी वंदन विधेयक पारित कर ऐतिहासिक सम्मान महिलाओं को दिया है।

**********

चीन में हांगचोओ एशियाई खेलों में भारत ने अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक सौ सात पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। इनमें 28 स्वर्ण, 38 रजत और 41 कांस्य पदक शामिल हैं। भारतीय खिलाड़ियों ने खेलों के चौदहवें दिन कल 6 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक जीते।

एशियाई खेलों में भारत ने सौ पदकों का जादुई आंकड़ा पहली बार छुआ है। देश को सबसे अधिक 29 पदक एथलेटिक्स में मिले। इसके बाद निशानेबाजी में 22 और तीरंदाजी में 9 पदक प्राप्त हुए।

पुरुष क्रिकेट टीम ने कल अफगानिस्तान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। पुरूषों की कबड्डी के फाइनल में भारत ने कड़ी चुनौती माने जा रहे ईरान को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महिला कबड्डी में भारत ने चीनी ताइपे को हराकर स्वर्ण पदक जीता। बैडमिंटन के पुरुष डबल्स में चिराग शेट्टी और सात्विक साईराज रेड्डी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। तीरंदाजी में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने एशियाई खेलों का रिकॉर्ड बनाते हुए महिला कंपांउड के फाइनल में दक्षिण कोरिया की एथलीट को हराकर स्वर्ण पदक जीता। शतरंज में भारत को महिला और पुरूष टीम स्पर्धा में रजत पदक मिले। महिला हॉकी में भारत ने जापान को हराकर कांस्य पदक जीता।

एशियाई खेलों में सौ से अधिक पदक जीतकर ऐतिहासिक प्रदर्शन करने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एशियाई खेलों में भाग लेने वाले सभी भारतीय एथलीट्स को बधाई दी है। श्री योगी ने सौ पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि को रोमांचकारी और असाधारण क्षण बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों में भारत ने पदकों का शतक पूरा कर लिया है। यह अभूतपूर्व उपलब्धि हमारे खिलाड़ियों के अथक प्रयासों से संभव हुई है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल उत्तराखंड के घस्तौली चौकी पर तैनात आईटीबीपी के जवानों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री योगी ने बद्रीनाथ धाम में दर्शन–पूजन भी किया।

**********

मेरी माटी–मेरा देश अभियान के तहत आजमगढ़ जिले में कल अमृत कलश यात्रा निकाली गयी। यह यात्रा विकास खंड स्तर पर कल पल्हना, मिर्जापुर, सठियांव, पल्हनी और अन्य विकास खंडों की ग्राम पंचायतों से होकर गुजरी। बांदा जिले के बड़ोखर ब्लॉक में कल भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अमृत कलश यात्रा निकाली गई।

वहीं, वाराणसी में ग्राम पंचायतों से एकत्र किए गए अमृत कलश ब्लॉक मुख्यालयों तक पहुंचाये जा रहे हैं। तेरह से पच्चीस अक्टूबर के बीच इन्हें जिला मुख्यालय पहुंचाया जाएगा और छब्बीस अक्टूबर को सभी अमृत कलश राजधानी लखनऊ ले जाए जाएंगे।

**********

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा है कि जलवायु परिवर्तन और जन–स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार प्राकृतिक खेती और मोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा दे रही है। इसके चलते राज्य में मौजूदा खरीफ सत्र में मोटा अनाज यानी श्रीअन्न का क्षेत्रफल बढ़ा है। सरकार किसानों को श्रीअन्न के बीज निःशुल्क उपलब्ध करा रही है। लखनऊ के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक दिन पूर्व आयोजित रबी उत्पादकता गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए श्री शाही ने कहा कि कृषि कार्यों को आसान बनाने के लिये राज्य सरकार इस वर्ष कृषि यंत्रों पर साढ़े तीन करोड़ रूपये का अनुदान देगी।

**********